केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने प्रदेश के 6 मनरेगा श्रमिकों को किया सम्मानित

चर्चा में क्यों?

24 मार्च, 2022 को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रोजेक्ट 'उन्नति' के ज़रिये कौशल विकास का प्रशिक्षण हासिल कर अपनी ज़िंदगी बदलने वाले छत्तीसगढ़ के छह मनरेगा श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश भर से प्रोजेक्ट 'उन्नति' के 75 हितग्राहियों को सम्मानित किया गया है।
- प्रोजेक्ट 'उन्नति' के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों, ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थानों **(R-SETI)** एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना **(DDU-GKY)** के अधिकारियों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इन श्रमिकों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।
- प्रदेश के बालोद कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.आर. साहू और धमतरी में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान **(R-SETI)** की प्रभारी अनिता तुडू को भी प्रोजेक्ट 'उन्नति' में उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2018-19 में मनरेगा के अंतर्गत 100 दिनों का रोज़गार प्राप्त करने वाले परिवारों के इन सदस्यों को प्रोजेक्ट 'उन्नति' के माध्यम से कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोज़गार के लिये तैयार किया गया है। इन सभी को अपने-अपने ज़िले में स्थित ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान **(R-SETI)** में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।
- वित्तीय वर्ष 2018-19 में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत 100 दिनों का रोज़गार हासिल करने वाले परिवारों के ये श्रमिक कौशल उन्नयन के बाद अब खुद का व्यवसाय कर रहे हैं।
- सम्मानित होने वाले मनरेगा श्रमिकों में धमतरी ज़िले के भनपुरी ग्राम पंचायत की नीतू बाई साहू (मशरूम उत्पादन), सारंगपुरी पंचायत की पूलवंती कंवर (मोमबत्ती बनाने का काम), गरियाबंद ज़िले के फिंगेश्वर विकासखंड की लोहरसी की गीतांजली ध्रुव और पतोरा पंचायत की ओमेश्वरी कंवर (सिलाई कार्य), कोरिया ज़िले के सोनहत विकासखंड के पोड़ी ग्राम पंचायत के कृष्ण कुमार (बकरी पालन) एवं महासमुंद ज़िले के बसना विकासखंड के दुर्गापाली के बिमिल साव (मोबाइल रिपेयरिंग) शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/union-rural-development-minister-honored-6-mgnrega-workers-of-the-state